②

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

## हायर सेकेंण्री सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

## मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कक्षाः– | 12 वीं | **Class:-** | **12th** |
| विषयः– | विशिष्ट हिन्दी | **Subject:-** | **Special Hindi** |
| समयः– | 3 घण्टे | **Time:-** | **3 Hours** |
| पूर्णांकः– | 100 | **Maximum Marks :-** | **100** |

---

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल कीजिए।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक के उत्तरों पर 2 अंक तथा शब्द–सीमा 30 है।
3. प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक के उत्तरों पर 3 अंक तथा 50 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के उत्तरों पर 4 अंक एवं शब्द–सीमा 100–125 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 26 से 29 तक के उत्तरों पर 5 अंक एवं शब्द–सीमा 100–125 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 30 के उत्तर में 10 अंक तथा शब्द सीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 1– स्थायी भाव तथा संचारी भाव में दो अंतर लिखिए। (2)

प्रश्न 2– निर्गुण शाखा के किन्ही दो कवियों के नाम लिखिए । (2)

प्रश्न 3– उद्धव कौन थे ? (2)

प्रश्न 4– अधजल गगरी छलकत जाय का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए । (2)

प्रश्न 5– श्रद्धालु मंदिर क्यों जाते है ? (2)

प्रश्न 6– आदिवासी लोग कौन सी खेती करना पसंद करते हैं ? (2)

प्रश्न 7– विभावना अलंकार का एक उदाहरण दीजिए। (2)

प्रश्न 8– कवित्त छंद के लक्षण लिखिए। (2)

प्रश्न 9– लघु तरणि किसके समान प्रतीत हो रही है ? (2)

प्रश्न 10– निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए– (2)
(1) हमें दुष्टों का सत्संग नहीं करना चाहिए। (वाक्य शुद्ध करिये)
(2) मेरा विचार है कि आज घूमने चलें। (सरल वाक्य में बदलिए)

प्रश्न 11– चुरकी और मुरकी कौन थीं ? (2)

प्रश्न 12– आदर्श निबंध की कौन–कौन सी विशेषताएँ होती है ? (3)

प्रश्न 13– कृष्ण कब ब्रह्म ज्ञान स्वीकार करेंगे ? उद्धव प्रसंग के आधार पर उत्तर लिखिए। (3)

प्रश्न 14– विश्व–मंदिर की उपासना पद्धति की क्या विशेषताएँ होंगी ? (3)

प्रश्न 15– पद्मावती के जूड़ा खोलने पर प्रकृति में क्या–क्या परिवर्तन दिखाई दिए ? (3)

प्रश्न 16– कवि ने प्रेम को मंत्र कविता में क्या कहना चाहा है ? (3)

प्रश्न 17– चीनी के गिरहकट जीवन का अंत कैसे हुआ ? (3)

अथवा

प्रगतिवाद की तीन विशेषताएं लिखिये ।

प्रश्न 18– संध्या थके हारे लोगों को मीठे सपने कैसे दिखाती है ? (3)

प्रश्न 19– जेल के जिस वार्ड में लोकमान्य तिलक रहते थे, वह कैसा था ? (3)

प्रश्न 20– बेल का चरित्र चित्रण कीजिए । (3)

प्रश्न 21– आदिवासियों के रीति–रिवाज पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालिए। (4)

प्रश्न 22– मैं सीधी–सादी पटरी–पटरी दौड़ा हूँ – में कवि क्या कहना चाहतें हैं ? (4)

अथवा

चीनी का बचपन कैसे बीता संक्षेत्र में बताइये ।

प्रश्न 24— सुमित्रानंदन पंत अथवा जयशंकर प्रसाद में से किसी एक कवि की साहित्यिक विशेषताओं का परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए— (4)

2. रचनाएँ 2. भावपक्ष 3. कला पक्ष

प्रश्न 25— हरिशंकर परसाई अथवा पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए— (4)

1. रचनाएँ 2. भाषा—शैली 3. साहित्य में स्थान

प्रश्न 26— निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः— (5)

हमारे अंतःकरण में प्रिय के आदर्श रूप का संघटन उसके शरीर या व्यक्ति मात्र के आश्रय से हो सकता है, पर श्रद्धेय के आदर्श रूप का संघटन उसके फैलाये हुए कर्म—तन्तु के उपादान से होता है । प्रिय का चिंतन हम आँख मूँदे हुए, संसार का कुछ अंश सामने रखकर करते हैं। यदि प्रेम स्वप्न है, तो श्रद्धा जागरण है।

अथवा

बेटा, बड़प्पन बाहर की चीज नहीं—बड़प्पन तो मन का होना चाहिए।

फिर घृणा को घृणा से नहीं मिटाया जा सकता। बहू तभी अलग होना चाहेगी, जब उसे नफरत के बदले नफरत दी जाएगी। लेकिन यदि घृणा के बदले स्नेह मिले तो सारी नफरत धुँधली पड़कर एकदम मिट जाएगी।

प्रश्न 27— किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— (5)

इन्द्रनील मणि महा चषक था,
सोम रहित उल्टा लटका,
आज पवन मृदु साँस ले रहा,
जैसे बीत गया खटका।

अथवा

साधु भूखा भाव का, धन का भूखा नाहिं।
धन का भूखा जो फिरै, सो तो साधु नाहिं।।
सोना, सज्जन, साधुजन, टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुंभार के, एकै धका दरार।।

प्रश्न 28– निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (5)

आदर्श व्यक्ति कर्मशीलता में ही अपने जीवन की सफलता समझता है। जीवन के प्रत्येक क्षण में वह कार्यरत रहता है। विश्राम और विनोद के लिए उसके पास निश्चित समय रहता है। उसमें कर्म करने की लगन और उत्साह अत्यधिक मात्रा में होता है। धैर्य के बल पर वह बड़े–बड़े पर्वतों को खोदकर ढहा देता है। कंटकाकीर्ण मार्ग पर चलने में वह संतोष का अनुभव करता है।

प्र. 1 इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र. 2 इस गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 29– प्रातःकालीन सैर का महत्व बताते हुए अपने अनुज को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

शासकीय उ.मा. विद्यालय राजनाँदगाँव के प्राचार्य को शाला छोड़ने का प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु एक आवेदन–पत्र लिखिए।

प्रश्न 30– निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– (10)

1. भारतीय संस्कृति का महत्व
2. आतंकवाद की समस्या
3. राष्ट्रीय एकता
4. राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका।

––––0––––